उजाला SPEED NEWS
सच के साथ आगे 24×7

# UJALASPEEDNEWS

24x7 हर खबर पर तेज नजर

अनूपशहर, शुक्रवार, 31 जुलाई 2026 | ई-पेपर | पेज 1 / 2

वीडियो

## छोटी काशी अनूपशहर में आगामी कावड़ यात्रा के लिए जिला स्तरीय अहम बैठक डीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुई।





संवाददाता गगन कुमार अनूपशहर। नगर के एलडीएवी इंटर कॉलेज के सभागार में छोटी काशी अनूपशहर में लगने वाले आगामी कावड़ यात्रा को कुशल पूर्वक संपन्न करने के लिए जिला अधिकारी हर्ष की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में डीएम हर्ष ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं यह मेला नो एक्सीडेंट नो प्लास्टिक नो गंगा में डूबना आदि किसी भी प्रकार की अनहोनी न हो सभी अधिकारियों के लिए मोबाइल नंबर एवं मेला ग्रुप एवं नक्शा बनाकर तैयार कर दिया गया है इससे सभी अधिकारी जोड़ दिए गए हैं लापरवाही बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं होगी यदि कोई अधिकारी दोषी पाया जाता है उसके खिलाफ सख्त कानून कारवाई की जाएगी यह एक महीना कावड़ यात्रा रहेगी अपनी मानवता के अनुसार स्फ्ट वाइज ड्यूटी करें मेले के अंदर सफाई का विशेष ध्यान रखें काबड मार्गो पर भी सफाई होनी चाहिए एस एस पी दिनेश कुमार सिंह सभी पुलिस विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं ड्यूटी के दौरान सतर्क रहें लापरवाही नहीं करें सभी कावड़ियों से प्रेम से पेस आए उनके साथ शिष्टाचार बरतें ड्यूटी के दौरान कोई भी पुलिस कर्मी या अधिकारी लापरवाही में दोषी पाया जाएगा उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी एडीएम एवं एस पीआरओ अंतरिक्ष जैन एसपी ने सभी...

### एक नज़र में

लखनऊ: 1 रजिस्ट्रेशन पर 2 अस्पताल संचालन का आरोप, मरीजों से 40-50 हजार वसूली का भी लगा आरोप।
बहराइच: नानपारा में श्री साईं हेल्थ केयर, आयुष्मान योजना से गरीबों का हो रहा निशुल्क इलाज।
बहराइच के ग्राम गुलरिहा में प्रधान ने पहुंचाई सरकारी योजनाएं, लाभार्थियों ने जताया आभार।
लखनऊ: गोमती नगर के Ridansh Hospital पर गंभीर आरोप, गरीब मरीजों से 55 हजार से 1 लाख तक की उगाही का आरोप।
पूरी खबर पढ़ने के लिए शीर्षक पर टैप करें

दुनिया


### लखनऊ: 1 रजिस्ट्रेशन पर 2 अस्पताल संचालन का आरोप, मरीजों से 40-50 हजार वसूली का भी लगा आरोप।




संवाददाता संजय कुमार पांडे लखनऊ: राजधानी लखनऊ में दो अस्पतालों के खिलाफ गंभीर आरोप सामने आए हैं। आरोप है कि गोसाईंगंज रोड स्थित ए एस हेल्थकेयर ट्रॉमा सेंटर और विक्रांत खंड, गोमती नगर स्थित ए एस मेडिसिटी - दोनों अस्पताल एक ही डायरेक्टर मिर्जा अनस बेग और सी.एल. वर्मा द्वारा संचालित किए जा रहे हैं। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि दोनों अस्पताल एक ही रजिस्ट्रेशन पर चलाए जा रहे हैं। साथ ही गरीब मरीजों को डिस्चार्ज करने के नाम पर 40 से 50 हजार रुपये तक जबरन वसूले जा रहे हैं। इस मामले के बाद मरीजों के परिजनों में आक्रोश है। स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन से मामले की जांच कर कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है।

देश

### बहराइच: नानपारा में श्री साईं हेल्थ केयर, आयुष्मान योजना से गरीबों का हो रहा निशुल्क इलाज।



संवाददाता संजय कुमार पांडे बहराइच: जनपद बहराइच के नानपारा नई तहसील स्थित श्री साईं हेल्थ केयर हॉस्पिटल में गरीब मरीजों को बड़ी राहत मिल रही है।हॉस्पिटल के डॉ. अमित रंजन गौड़ ने उजाला स्पीड न्यूज चैनल पर खास बातचीत में बताया कि उनके हॉस्पिटल में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत गरीब मरीजों का निशुल्क इलाज किया जाता है। उन्होंने कहा कि दूर-दूर से मरीज यहां इलाज के लिए आते हैं और ठीक होकर जाते हैं। अस्पताल प्रशासन का उद्देश्य है कि कोई भी गरीब मरीज पैसों के अभाव में इलाज से वंचित न रहे।"मेरे श्री साईं हेल्थ केयर हॉस्पिटल में आयुष्मान योजना के अंतर्गत गरीब मरीजों का निशुल्क इलाज किया जाता है।

देश

### लखनऊ: गोमती नगर के Ridansh Hospital पर गंभीर आरोप, गरीब मरीजों से 55 हजार से 1 लाख तक की उगाही का आरोप।



संवाददाता संजय कुमार पांडे लखनऊ: राजधानी लखनऊ के गोमती नगर थाना क्षेत्र के पास स्थित Ridansh Hospital पर गरीब मरीजों से मोटी रकम वसूलने का गंभीर आरोप लगा है।आरोप है कि अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. अम्बुज गुप्ता द्वारा मरीजों से इलाज के नाम पर 55 हजार से लेकर 1 लाख रुपये तक की धन उगाही की जा रही है। पीड़ितों का कहना है कि आर्थिक तंगी के बावजूद उनसे जबरन पैसे मांगे जा रहे हैं।इस मामले के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग से मांग की जा रही है कि मामले की जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई की जाए।

राजनीति

## बहराइच के ग्राम गुलरिहा में प्रधान ने पहुंचाईं सरकारी योजनाएं, लाभार्थियों ने जताया आभार।



संवाददाता संजय कुमार पांडे बहराइच। जनपद बहराइच के बाबागंज क्षेत्र के ग्राम गुलरिहा में ग्राम प्रधान अश्विनी कुमार वर्मा के नेतृत्व में केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाया जा रहा है। गांव के कई परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय, वृद्धावस्था पेंशन तथा आंगनवाड़ी सेवाओं का लाभ मिल रहा है। गांव के लाभार्थियों ने बताया कि पहले वे कच्चे मकानों में रहने को मजबूर थे, लेकिन अब उन्हें पक्का आवास मिल गया है। उन्होंने कहा कि शौचालय बनने से जीवन अधिक सुविधाजनक और स्वच्छ हुआ है।